भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : **367**
दिनांक 18 जुलाई , 2019 / 27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## दिल्ली-राजकोट-दिल्ली उड़ान

*** 367. श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार को दिल्ली-राजकोट- दिल्ली सेक्टर हेतु अतिरिक्त उड़ानों के प्रचालन आरंभ करने हेतु अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नई दिल्ली में सुबह 0600 बजे से रात्रि 2200 बजे के मध्य स्लॉट उपलब्ध न होने के कारण दिल्ली-राजकोट-दिल्ली सेक्टर हेतु एक अतिरिक्त रेड आई/फ्लाई बाइ नाइट फ्लाइट का प्रतिदिन प्रचालन करने की सहमति दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल ही में अकार्यरत एक एयरलाइन के कारण नई दिल्ली में स्लॉट खाली पड़े हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार सुबह 0600 बजे से रात्रि 2200 बजे के मध्य दिल्ली-राजकोट-दिल्ली सेक्टर पर एक अतिरिक्त उड़ान का प्रचालन करने हेतु नई दिल्ली में खाली स्लॉटों का उपयोग करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'दिल्ली-राजकोट-दिल्ली उड़ान' विषय पर लोक सभा के दिनांक 18.07.2019 के मौखिक (*) प्रश्न संख्या 367 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): जी हां। माननीय संसद सदस्य श्री मोहनभाई कुंदरिया की ओर से राजकोट के लिए/से दिल्ली-राजकोट-दिल्ली सहित विभिन्न मार्गों पर ए-320 विमानों से प्रचालन आरंभ करने की बाबत अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को जनवरी, 2019 में एअर इंडिया से भी अनुरोध प्राप्त हुआ था कि दिल्ली-राजकोट-दिल्ली सेक्टर पर आगमन समय 0400 बजे आईएसटी (भारतीय मानक समय) और प्रस्थान समय 0440 बजे आईएसटी के साथ एक अतिरिक्त उड़ान का प्रचालन किया जाए। एएआई द्वारा इससे इनकार कर दिया गया क्योंकि एअर इंडिया द्वारा राजकोट हवाईअड्डे पर मांगे गए स्लॉट टाइम, निगरानी समय, जो सोमवार, बृहस्पतिवार, शनिवार को 0630-0800 तथा 1600-1800 बजे तक और मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को 1600-2000 बजे तक होता है, में नहीं आते हैं।

(ग): सरकार ने जेट एयरवेज द्वारा रिक्त किए गए घरेलू स्लॉट्स को अत्यंत पारदर्शी और न्यायोचित तरीके से तदर्थ आधार पर दूसरी अनुसूचित एयरलाइनों को आवंटित करने के लिए एक स्लॉट आवंटन समिति गठित की है जिसमें डीजीसीए, एएआई और संयुक्त उद्यमों/निजी हवाईअड्डा प्रचालकों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस उद्देश्य से तैयार की गई मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, हाल ही में निष्क्रिय हुई एयरलाइन के, नई दिल्ली के सभी घरेलू स्लॉट्स अन्य एयरलाइनों को आवंटित किए जा चुके हैं और कोई स्लॉट खाली नहीं है।

(घ) और (ड.): प्रश्न नहीं उठता। तथापि, दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को 8 जुलाई, 2019 को एअर इंडिया की ओर से दिल्ली-राजकोट उड़ान के लिए एक अनुरोध प्राप्त हुआ है और डायल ने इस उड़ान के संबंध में 1250 बजे प्रस्थान और 1645 बजे आगमन अनुमोदित किया है।

*****